BULANDSHAHR POLICE

दिनांक 15 जून, 2024 **थाना सलेमपुर**

मुनेश देवी की हत्या का सफल अनावरण, 01 हत्यारोपी गिरफ्तार।

अवगत कराना है कि दिनांक 05.06.2024 को एक महिला का शव जनपद गौतमबुद्धनगर के थाना कसाना के ग्राम घंघोला के पास एक भूस के कमरे मे मिला था जिसका थाना कसाना पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम कराकर अन्तिम संस्कार करा दिया गया था। मृतका के बेटे द्वारा शव के फोटो से महिला की शिनाख्त की गयी। मृतका की शिनाख्त मुनेश देवी पत्नी स्व0 जसवीर सिंह निवासी ग्राम रसूलपुर थाना सलेमपुर जनपद बुलन्दशहर के रूप मे हुई। उक्त के सम्बन्ध मे प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना सलेमपुर पर मुअसं- 139/24 धारा 302/201 भादवि पंजीकृत किया गया।

उक्त के क्रम मे आज दिनांक 15.06.2024 को थाना सलेमपुर पुलिस द्वारा घटना मे संलिप्त ऋषिपाल को ग्राम रसूलपुर गेट के पास गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी के सम्बन्ध मे थाना सलेमपुर पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-

1- ऋषिपाल पुत्र नेतराम निवासी ग्राम बिलसूरी थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर

अभियुक्त ऋषिपाल ने पूछताछ पर बताया गया कि उसके व मृतका के प्रेम सम्बन्ध थे दिनांक 04.06.2024 को मृतका अभियुक्त के पास रहने के लिए आ गयी तथा वापस जाने के लिए मना करने लगी। अभियुक्त मृतका को अपने साथ नहीं रखना चहाता था इसलिए अभियुक्त अपने साथ मृतका को गौतमबुद्धनगर के थाना कासना के ग्राम घंघोला के एक भूस के कमरे मे ले गया तथा गला दबाकर उसकी हत्या कर दी और वहा से फरार हो गया।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. श्री पम्मी चौधरी थानाध्यक्ष सलेमपुर
2. उ0नि0 रणवीर सिंह
3. है0का0 जितेन्द्र यादव, का0 अमित कुमार, का0 अभिषेक कुमार

मीडिया सेल बुलंदशहर